आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक-215 ● कटनी ● ● मंगलवार, 7 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें
ताजा तरीन खबरों के
साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

जीना इसी का नाम है..

प्रयागराज में पली-बढ़ी ऊर्जा तथा उम्मीदों से भरी दिव्यांग सरिता ने भी अपने हुनर और हौसले से 'पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है' को साबित करते हुए चित्रकारी में अपनी झोली में तमाम उपलब्धियां अर्जित कीं।

हॉकी को राष्ट्रीय खेल घोषित किए जाने की याचिका खारिज, कोर्ट बोला- हम कुछ नहीं कर सकते

नई दिल्ली। हॉकी को आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय खेल घोषित किए जाने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिका दाखिल करने वाले वकील से कहा है कि आपका उद्देश्य अच्छा हो सकता हैए लेकिन हम इस मामले में कुछ नहीं कर सकते न ही ऐसा ओदश दे सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि आप चाहें तो सरकार को ज्ञापन दे सकते हैं। दरअसलए टोक्यो ओलंपिक में महिला और पुरुष हॉकी टीम के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद हॉकी को अधिकारिक रूप से राष्ट्रीय खेल घोषित किए जाने की मांग उठने लगी है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दाखिल की गई थी। याचिक दाखिल करने वाले वकील विशाल तिवारी ने मांग की थी कि एथेलेटिक्स जैसे खेलों में सुविधाएं बढ़ाई जाएं और हॉकी को राष्ट्रीय खेल घोषित किया जाए। याचिका में कहा गया था कि हॉकी को राष्ट्रीय खेल के रूप में जाना तो जाता ही हैए लेकिन उसे अभी तक आधिकारिक रूप से राष्ट्रीय खेल घोषित नहीं किया गया है। हॉकी भारत का गौरव हैएजो अपनी पहचान खोता जा रहा है।

कैसे कहलाने लगा हॉकी राष्ट्रीय खेल

1928 से 1956 तक का समय भारतीय हॉकी के लिए स्वर्णकाल कहा जाता है। वैसे तो यह खेल लगभग सभी देशों में खेला जाता हैए लेकिन 1928 में भारत हॉकी का विश्व विजेता बना था। वहीं इसके बाद हुए ओलंपिक में भारत ने हॉकी में कई स्वर्ण पदक भी अपने नाम किए। इसी के बाद से हॉकी की लोकप्रियता ऐसी बढ़ी कि इसे भारत का राष्ट्रीय खेल कहा जाने लगा।

करनाल में किसान महापंचायत

करनाल। केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन जारी है। रविवार को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में किसान महापंचायत आयोजित की गई। अब मंगलवार को हरियाणा के करनाल में किसान महापंचायत हो रही है। किसानों पर 28 अगस्त को हुए लाठीचार्ज के विरोध में महापंचायत बुलाई गई है। माना जा रहा है कि यहां भी लाखों किसान जुट सकते हैं। सरकार ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। करनाल में धारा 144 लगा दी गई है। साथ ही ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया गया है। किसानों ने मिनी करनाल के एसपी गंगा राम पुनिया ने कहा है, हम चाहते हैं कि किसान महापंचायत शांति से हो और आपसी बातचीत से विवाद का समाधान हो। हमने कल इस मामले में किसान नेताओं से बात की थी। कानून व्यवस्था बिगड़ने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। अधिकारियों के मुताबिक, जिला प्रशासन ने सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा जारी की है, जिसमें पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियोजित मार्ग परिवर्तन के साथ यातायात सलाह दी गई है। सरकार ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए करनाल जिले में सोमवार मध्यरात्रि से 7 सितंबर की रात 11 बजकर 59 मिनट तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद करने का भी निर्देश दिया है।

पाक के खिलाफ सड़क पर उतरीं महिलाएं काबुल में गूंजे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

काबुल। पाकिस्तान को पंजशीर में तालिबान की मदद करना भारी पड़ गया है। नॉदर्न अलायंस के लड़ाकों के खिलाफ पाकिस्तानी वायु सेना द्वारा बीते दिनों किए गए हमलों के बाद अफगानिस्तान में उसका खुलकर विरोध होने लगा है। सोमवार रात काबुल में इसकी बानगी भी देखने को मिली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अफगानी महिलाएं आईएसआई चीफ और पाकिस्तान के खिलाफ सड़क पर उतर आईं। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और आईएसआई चीफ फैज हमीद के वापस जाने की मांग की। अफगानिस्तान के कई हिस्सों में पाकिस्तान का विरोध पहले से ही हो रहा है, लेकिन यह पहला मौका है जब काबुल में इस तरह का प्रदर्शन देखा गया। यहां महिलाएं रात में सड़क पर उतरीं और पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। पिछले दिनों ईरान ने भी पाकिस्तानी वायु सेना के हमलों का विरोध किया था और अफगानिस्तान में बाहरी देश के दखल पर आपत्ति जताई थी। सत्ता पर तालिबान के काबिज होते ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी चीफ फैज हमीद अचानक से अफगानिस्तान के अघोषित दौरे पर पहुंच गए थे।पाकिस्तान पर पहले से ही तालिबान का साथ देने के आरोप लग रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्ट्स यहां तक कि कई अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने भी तालिबान के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ होने का दावा किया है।

बंगाल भाजपा को ममता देंगी बड़ा झटका, मुकुल का दावा

25 बीजेपी विधायक साथ

कोलकाता। विधानसभा चुनाव में हार के बाद से भाजपा बंगाल में लगातार कमजोर पड़ती जा रही है। सैकड़ों नेता और कार्यकर्ता भाजपा छोड़ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। अब टीएमसी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के करीबी मुकुल रॉय ने बड़ा खुलासा किया है। मुकुल रॉय ने दावा किया है कि उनके संपर्क में करीब 24 भाजपा के विधायक हैं जो टीएमसी में आने को तैयार हैं। रॉय ने कहा कि ऐसे विधायकों और नेताओं की लंबी सूची है जो टीएमसी में शामिल होना चाहते हैं। दरअसल, मुकुल रॉय का यह बयान ऐसे वक्त में आया है जब एक हफ्ते के भीतर तीन विधायकों ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा है। कालियागंज से भाजपा विधायक सौमेन रॉय, बागदा से भाजपा विधायक विश्वजीत दास और विधायक तन्मय घोष भाजपा छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए हैं। हाल ही में भाजपा छोड़ टीएमसी में शामिल होने वाले तीनों विधायक मुकुल रॉय के काफी करीबी हैं। इसी साल जून में खुद मुकुल रॉय भाजपा छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे। वह चार साल पहले टीएमसी से भाजपा में गए थे। हालांकि, विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद उन्होंने फिर से घर वापसी का फैसला करते हुए ममता बनर्जी के साथ काम करने का एलान किया था।

भाजपा ने विधायकों पर कार्रवाई की धमकी दी

लगातार भाजपा एमएलए के टीएमसी में शामिल होने के बाद विधानसभा में भाजपा विधायकों की संख्या घटकर 71 रह गई है। अगर भाजपा के और विधायक पार्टी छोड़ेंगे तो पार्टी विधानसभा में संख्या बल में कमजोर पड़ जाएगी। टीएमसी में शामिल होने वाले नेताओं ने कहा कि वह भटक गए थे उधर, भाजपा ने दल बदलने वाले विधायकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी है। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि पार्टी के विधायक एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि 213 सीटें जीतने के बावजूद, तृणमूल विपक्षी विधायकों को अपने दल में लाने की कोशिश कर रही है।

मायावती बोलीं- प्रबुद्ध वर्ग की मदद से सरकार बनाएंगे

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने यूपी चुनाव में ब्राह्मण मतदाताओं को साधने के लिए चलाए जा रहे ब्राह्मण सम्मेलन के पहले चरण के समापन पर मंगलवार को लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बसपा के ब्राह्मण सम्मेलन को अपार सफलता मिली है। जो कि दिखाता है कि ब्राह्मण समाज भी मानता है कि उनका सम्मान बसपा सरकार में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि बसपा ने न तो कभी हवाहवाई वादे किए और न ही किसी समुदाय को प्रलोभन दिया है। हमने हमेशा ही सभी समुदायों के विकास व कल्याण के लिए काम किया है। बसपा ने कभी भी किसी से भेदभाव की राजनीति नहीं की है। हम प्रबुद्ध वर्ग की मदद से बसपा की सरकार बनाएंगे। बता दें कि मायावती ने इसी सम्मेलन के जरिए चुनावी शंखनाद कर दिया है। बता दें कि लखनऊ में आयोजित समापन सम्मेलन में सभी 75 जिलों के सम्मेलन कोऑर्डिनेटरों को उनकी टीम के साथ बुलाया गया है। ये सम्मेलन चरण वार सभी जिलों में आयोजित किए गए हैं। 23 जुलाई से शुरू हुए इस चरण का 45 दिन बाद समापन हो रहा है। मायावती का सम्मेलन इसलिए भी अहम माना जा रहा है कि ब्राह्मण अचानक सभी दलों के केंद्र में आ गए हैं। इसकी शुरुआत बसपा के इन्हीं सम्मेलनों से हुई और उसके बाद दूसरे दलो ने भी इसकी शुरुआत की। यही कारण है कि बसपा इसका पूरा चुनावी लाभ लेने की तैयारी कर रही है।

कश्मीरी पंडितों के लिए आज लांच होगी वेबसाइट

जम्मू। कश्मीरी पंडितों के लिए मंगलवार को श्रीनगर में वेबसाइट लांच होगी। इस ऑनलाइन पोर्टल के जरिए कश्मीरी विस्थापित अचल व सामुदायिक संपत्ति से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे। आवेदन करने के बाद यूनिक आईडी जेनरेट हो जाएगी। इसके बाद आवेदन उचित कार्यवाही के लिए जिला मजिस्ट्रेट के पास पहुंच जाएगा। इस संबंध में किभी भी जानकारी के लिए राहत एवं पुनर्वास आयुक्त कार्यालय जम्मू से 0191-2586218, 0191-2585458 पर संपर्क कर सकते हैं।

युवक की मौत पर बवाल, थाने में तोड़फोड़

खरगोन, बिस्टान। खरगोन जिले के बिस्टान में आदिवासी युवक की मौत के बाद मंगलवार सुबह बवाल मच गया। ग्रामीणों ने बिस्टान थाने पर पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ कर दी। आक्रोशित लोगों ने पथराव किया, वाहनों को भी नुकसान पहुँचाया। खरगोन से पुलिस बल के पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रण में है। मंगलवार की सुबह बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष ने जमकर उत्पात मचाकर बिस्टान थाने में पथराव कर दिया। थाने में मौजूद स्टाफ कर्मचारी जान बचाकर बाहर भागे। इस घटना में पुलिस जवान भी घायल हुए। इसके बाद पुलिस बल ने आंसू गैस के गोले छोड़े और भीड़ को खदेड़ा। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व झगड़ी घाट पर लूट के मामले में पुलिस ने ग्राम खेरकुण्डी से 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक आरोपित की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस थाने में प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

क्रिक अपडेट

साकेतिक चित्र

इंदौर एयरपोर्ट पर महिला यात्री के बैग में मिली मानव खोपड़ी

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सोमवार सुबह दिल्ली जाने के लिए आई एक महिला यात्री के सामान से मानव खोपड़ी निकलने से हड़कंप मच गया। महिला का कहना था कि वह उसे विर्सजन के लिए हरिद्वार ले जा रही है, लेकिन नियमानुसार उसे अनुमति नहीं दी गई। बाद में महिला ने अपने परिचित को बुला कर मानव खोपड़ी सौंप दी और शाम की उड़ान से रवाना हुई। प्रबंधन के अनुसार महिला यात्री का नाम योगमाता सचदेवा है। वह विस्तारा की उड़ान से दिल्ली जाने के लिए आई थी।

राखी बोलीं-हार्ट अटैक से नहीं गई सिद्धार्थ शुक्ला की जान!

मुंबई। सिद्धार्थ शुक्ला अब हमारे बीच नहीं हैं। बिग बॉस सीजन 13 में दर्शकों का मनोरंजन करने वाले सिद्धार्थ ने टीवी पर अपने अभिनय से भी लोगों का दिल जीता था। लेकिन अब यह विश्वास करना बेहद मुश्किल हो रहा कि सिद्धार्थ अब इस दुनिया का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि सिद्धार्थ की यादें हैं जो लोगों के दिलों में बसी हुई है। सिद्धार्थ के जाने से हर कोई बेहद शोकाकुल है। टीवी और बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने उन्हें अपने अपने तरीके से दुख जता रहे हैं। इसी बीच अभिनेत्री राखी सावंत ने भी इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। वीडियो में राखी बेहद इमोशनल नजर आ रही हैं। इस वीडियो में वो कहती हैं, हेलो दोस्तों, मैं अब भी घर ही हूं। कहीं बाहर नहीं निकल पा रही हूं। सिद्धार्थ के डेथ ने हिला के रख दिया है। उन्होंने कहा है उनकी जान हार्ट अटैक से नहीं गई। किस चीज से जान गई है।बहुत सारी चीजे भेजे हैं चेकअप के लिए। पता करने के लिए। मैं बहुत चिंता में हूं। वो आगे कहती हैं, उनकी कार का कांच भी तोड़ा गया था। किससे उनका झगड़ा हुआ था। फिर आठ बजे वो किसी को मिलने गए थे।फिर घर पा आकर मां को कहा कि तबियत ठीक नहीं है।फिर तीन बजे भी कहा कि तबियत ठीक नहीं है। फिर जो दवाई खाई वो दवाई क्या थी। बिल्डिंग में भी झगड़ा हुआ था? कौन सी दवाई खाई थी। सच्चाई क्या है।

6 करोड़ इपीएफ खाताधारकों को दिवाली से पहले मिलेगा तोहफा

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के करोड़ों ग्राहकों के लिए अच्छी खबर है। त्योहारों से पहले सदस्य कर्मचारियों के पीएफ खाते में 8.5 फीसदी की दर से ब्याज डाला जा सकता है। ईपीएफओ प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए पीएफ राशि पर ब्याज दर की घोषणा करता है। चालू वित्त वर्ष में, ईपीएफओ ने 8.5 फीसदी की दर से ब्याज देने का फैसला किया है। इससे नौकरीपेशा लोगों को बड़ा लाभ होगा। ईपीएफओ के केंद्रीय बोर्ड ने ब्याज में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। अब निकाय को वित्त मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार है। लाइव मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, दिवाली से पहले ही सरकार केंद्रीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और महंगाई राहत भी देगी। वित्त मंत्रालय की मंजूरी सिर्फ प्रोटोकॉल है। ईपीएफओ मंजूरी के बिना ब्याज दर को क्रेडिट नहीं कर सकता। पिछले वित्त वर्ष में ईपीएफओ को 70,300 करोड़ रुपये की आय हुई, क्विटी निवेश का एक हिस्सा बेचने से 4000 करोड़ रुपये भी शामिल हैं।

क्यूबा बना दो साल से ऊपर के बच्चों को टीका देने वाला पहला देश

हवाना। दुनियाभर में अभी बच्चों को लगने वाली कोरोनावायरस वैक्सीन पर रिसर्च जारी है। उम्मीद की जा रही है कि वयस्कों को लगने वाले टीके बच्चों पर भी सकारात्मक असर डालेंगे। इसके लिए अमेरिका से लेकर भारत तक में ट्रायल किए जा रहे हैं। हालांकि, इस बीच क्यूबा दुनिया का पहला देश बन गया है, जहां दो साल से ऊपर के बच्चों को वैक्सीन देना शुरू कर दिया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस कम्युनिस्ट देश में बच्चों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी पा चुकी वैक्सीन नहीं, बल्कि देश में ही तैयार किया गया टीका दिया गया है।

सहकारी बैंक के सुपरवाइजर के घर ईओडब्ल्यू का छापा

आगर-मालवा, शाजापुर। शुजालपुर मंडी के केंद्रीय सहकारी बैंक में पदस्थ सुपरवाइजर शंकर लाल शर्मा के आगर मालवा जिले के कानड़ स्थित घर और प्रतिष्ठान पर ईओडब्ल्यू द्वारा छापामार कार्रवाई की गई है। मंगलवार तड़के ईओडब्ल्यू की टीम सुपरवाइजर शर्मा के निवास पर पहुंची और उसकी संपत्ति संबंधित जांच शुरू की है। टीम में शामिल एक अधिकारी के अनुसार फिलहाल जांच की जा रही है। इओडब्ल्यू को सुपरवाइजर द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली थी। जिसकी गोपनीय रूप से जांच की गई। जांच में शिकायत सही होने की बात सामने आई। इसके बाद इओडब्ल्यू द्वारा मंगलवार को छापामार कार्यवाही की गई है। कार्यवाही शुरू होने के बाद घर से किसी को भी बाहर नहीं जाने दिया गया है। सुबह 11 बजे तक टीम द्वारा अब तक की जांच में क्या संपत्ति सामने आई है। इसे लेकर कोई जानकारी नहीं दी है।

पारंपरिक गोटमार मेले का पत्थरों की बौछार से आगाज

छिंदवाड़ा। जिले के पांढुर्णा कस्बे में मंगलवार को गोटमार मेले का आगाज हो गया है। जाम नदी की किनारे देवी मंदिर में पूजा-पाठ के बाद मेले का आगाज हुआ, जिसके बाद नदी के बीच में झंडा गाड़ा गया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। गौरतलब है कि बीते कई सालों से यहां मेले का आयोजन हो रहा है। आमने-सामने से पत्थरों की बौछार होती है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग घायल होते हैं। कई बार तो जान तक चली जाती है। प्रशासन की तमाम कवायदों के बाद भी ये खूनी खेल बदस्तूर जारी है। कोरोना संक्रमण के चलते धारा 144 क्षेत्र में लगाई गई है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में लोग नदी के दोनों किनारों पर जमा होकर पत्थरों की बौछार कर रहे हैं। समस्या ये है कि स्थानीय पुलिस अधिकारी नए हैं। इन अधिकारियों को गोटमार मेले के आयोजन की ठीक से कोई जानकारी नहीं है। अमावस्या पोले के दूसरे दिन विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेले का आयोजन किया जाता है। सुबह पांढुर्ना-सावरगांव स्थित जाम नदी के तट पर दो पक्षों के बीच एक -दूसरे पर पत्थर बरसने का गोटमार मेले का आयोजन हो रहा है । इस गोटमार मेले में पहले भी कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तो कई लोग दिव्यांगता भरा जीवन यापन कर रहे हैं। गोटमार मेले का स्वरूप बदलने मानव आयोग, उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में जिला प्रशासन को सख्त निर्देश होते हैं, लेकिन विगत कई वर्षों के प्रयासों के बाद जिला प्रशासन आखिरकार गोटमार मेले का स्वरूप बदल पाने में नाकाम साबित रहा है।

शिक्षक पर्व पर कई योजना का शुभारंभ

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पहले शिक्षक पर्व को संबोधित किया। शिक्षक पर्व कार्यक्रम के तहत पीएम मोदी का शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ संवाद हुआ। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भारतीय सांकेतिक भाषा शब्दकोश (श्रवण बाधितों के लिए ऑडियो और टेक्स्ट एम्बेडेड सांकेतिक भाषा वीडियो), बोलने वाली किताबें (दृष्टिहीनों के लिए ऑडियो किताबें), सीबीएसई के मूल्यांकन ढांचे का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने कहा, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी ने कठिन समय में देश में शिक्षा के लिए, विद्यार्थियों के भविष्य के लिए जो एकनिष्ठ प्रयास किया है, वो अतुलनीय है।

अभियान में शत प्रतिशत लक्ष्य करें पूरा-कलेक्टर

कृमि संक्रमण रोकने 13 से 23 सितंबर तक चलेगा अभियान, बच्चों व किशोर-किशोरियों को कराया जाएगा एलबेंडाजोल का सेवन

कटनी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत जिले में स्वास्थ्य विभाग 11 दिन का अभियान विभिन्न विभागों के सहयोग से चलाएगा। 13 सितंबर से 23 सितंबर तक चलने वाले अभियान में अमला 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चों, किशोर, किशोरियों को कृमि से बचाव के लिए एलबेंडाजोल गोली का सेवन कराने घर-घर दस्तक देगा। अभियान को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला व विकासखंड स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर ने कहा कि कृमि मुक्त प्रदेश-स्वस्थ्य मप्र की अवधारणा को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए प्रत्येक दिन का कैलेंडर बनाएं और निर्धारित समय पर लक्ष्य को पूरा करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि अभियान में कोई भी बच्चा या किशोर-किशोरी कृमि नाशक दवा के सेवन से वंचित न रहे। साथ ही उन्होंने कोविड के नियमों का पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल से जारी निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण व पंचायत राज्य एवं ग्रामीण विकास विभाग का सहयोग लिया जाएगा। अभियान के दौरान यदि आंगनबाड़ी केन्द्र या स्कूल संचालित हो रहे हैं तो उनमें भी आने वाले बच्चों को दवा का सेवन अमला कराएगा ताकि मिट्टी जनित कृमि रोग से बचाव हो सके। कार्यक्रम में जिले के टीकाकरण अधिकारी नोडल होंगे। आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा सहयोगिनी का पूरे अभियान में सहयोग लेकर दवा का सेवन कराने का कार्य स्वास्थ्य विभाग करेगा। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में 5 लाख 11 हजार 128 बच्चों व किशोरों को दवा का सेवन कराने का लक्ष्य तय किया गया है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, सीएमएचओ डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ऐसे दी जाएगी एलबेंडाजोल की डोज

- अभियान के दौरान तीन स्तर पर अलग-अलग तरीके से एलबेंडाजोल का सेवन कराया जाएगा।
- 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को 400 एमजी एलबेंडाजोल की आधी गोली चूरा करके साफपानी के साथ दी जाएगी।
- 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को 400 एमजी की एलबेंडाजोज की पूरी गोली चूरा करके साफपानी के साथ खिलाई जाएगी।
- 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर किशोरियों को एलबेंडाजोल 400 एमजी की पूरी गोली पानी के साथ चबाकर खाने को दी जाएगी।

कृमि संक्रमण से शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है बाधित

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनुसार बच्चों में कृमि संक्रमण, व्यक्तिगत अस्वच्छता व संक्रमित मिट्टी के संपर्क से होता है। कृमि संक्रमण से बच्चों का शारीरिक व बौद्धिक विकास बाधित होता है। दूसरी ओर उनके पोषण के स्तर पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इसके चलते 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोर किशोरियों का कृमिनाशन करने की विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अनुशंसा की गई है।

टीकाकरण केन्द्रों में सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं

कटनी। निगम सीमान्तर्गत आयोजित वैक्सीनेशन सत्र हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में नागरिकों की सुविधा हेतु निकाय की आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण करानें हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा दल का गठन किया जाकर निगम की आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करानें के निरंतर प्रयास किये जा रहे है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन एवं प्रभारी कार्यपालन यंत्री राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में नगरीय सीमा क्षेत्र में आयोजित होनें वाले वेक्सीनेशन सत्र हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम परिसर, अक्षर नंदन स्कूल, शेरावाली मंदिर धर्मशाला अशोक कॉलोनी, रेल्वे हास्पिटल एन.के.जे कटनी, पुरानी कचहरी कटनी, आर्डिनेंस हास्पिटल कटनी, ए.सी.सी हास्पिटल कटनी तथा झूलेलाल मंदिर माधव नगर में निगम के गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा निकाय से संबंधित साफ सफाई, चूने की लाईनिंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण कराई जाकर टीकाकरण केन्द्रों में उपस्थित रहते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण करानें के प्रयास किये गए।

दधिकांदोत्सव में 100 बच्चे पुरूस्कृत

कटनी। बधाई उत्सव कमेटी द्वारा 67वां दाधिकांदो महोत्सव कल श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कमेटी के सदस्य एवं पदाधिकारियों द्वारा भगवान श्री का अभिषेक, भजन संध्या एवं लगभग 100 बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। श्री बधाई उत्सव कमेटी श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट कमेटी, श्री बजरंग बाल रामायण समाज कटनी, श्री राज योग केंद्र की संचालिका लक्ष्मी बहन, श्री गौशाला उपचार केंद्र कटनी एवं शहर की धर्म प्रेमी जनता का हार्दिक अभिनंदन करती है एवं आभार प्रकट करती है जिन्होंने इस कार्यक्रम को भव्य स्वरूप सफल बनाने में संपूर्ण योगदान दिया।

भजन संध्या में भक्ति रस की वर्षा

कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अभिषेक पुरवार सचिव मनोज द्विवेदी संयोजक प्रेम प्रकाश दीक्षित, संजीव चौदहा अनिल खर्द एवं ओमप्रकाश जनकीं, बिहारी लाल सोनी, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, विपुल कोटक, अशोक नगरिया, दीपक सराओगी, भगवानदास महेश्वरी, संजय चौदहा, रामेश्वर चौदहा, मंगू चौदहा, गौमाता उपचार केंद्र अध्यक्ष सतीश सोनी, सचिव अखिलेश पुरवार, अभिनव सोनी, अतीश खमरिया खमपरिया, अन्नू बहरे, डिंपल रजक, मंजू शर्मा, शैलेश पाठक, कृष्णा सोनी, सिमरन शर्मा, गौरव नागवानी, शुभम शर्मा, सौरभ समानता, विक्रम शर्मा एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य।

अवैध कॉलोनी निर्माण पर एफ.आई.आर

कटनी। नगर निगम द्वारा कालोनाईजर/भू स्वामी रामकिशोर त्रिपाठी पिता चंदीदीन त्रिपाठी निवासी ग्राम झिगोदर तहसील नागौद जिला सतना एवं मुख्तारखास पंकज त्रिपाठी पिता आर.पी.त्रिपाठी निवासी विराटनगर तहसील रघुराजनगर जिला सतना के द्वारा बाल गंगाधर तिलक वार्ड सत्संगनगर हनुमान मंदिर गली में स्वयं की स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 32/1 तथा 33/1 कुल रकवा 0.539 हे0 में कॉलोनी निर्माण की बिना अनुमति लिये अवैधानिक रूप से भूमि के छोटे छोटे भूखण्ड कर 35 प्लाट काटनें तथा 15 प्लाट विक्रय करनें पर म0प्र0 नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 292 (ग) के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध धटित होनें पर कुठला थाना में धारा 154 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रथम एफआई.आर दर्ज कराई गई है।

81 व्यक्तियों पर किया 8100 रूपए का जुर्माना

कटनी। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकनें एवं संभावित तीसरी लहर से बचाव हेतु निगम प्रशासन द्वारा जागरूकता गतिविधियों के संचालन के साथ ही स्वास्थ्य शाखा एवं अतिक्रमण शाखा के गठित अमले के माध्यम से नगर के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग न कर घूमनें वालों पर निरंतर चालानी कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकनें हेतु निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले तथा अतिक्रमण दस्ते द्वारा आज दोपहर मिशन चौक क्षेत्र तथा माधवनगर गेट एवं बस स्टेण्ड क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 81 व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमते पाये जानें पर 81000/- की चालानी कार्यवाही की जाकर मास्क की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग करनें की समझाईश दी गई।

फिर शुरू हो आनंदम और नेकी की दीवार

कटनी। टीएल के लिये मार्क प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता पर करें अधिकारी। यह निर्देश सोमवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने दिये। उन्होने कहा कि जो प्रकरण टीएल के लिये मार्क किये जाते हैं, उनके निराकरण में विलंब ना हो। सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। मीटिंग में अन्य विषयों की समीक्षा भी विस्तार से कलेक्टर श्री मिश्रा ने की। टीएल में आनंदम नेकी की दीवार सुव्यवस्थित रुप से प्रारंभ कराने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि इसमें जनसहभागिता भी लें। रेडक्रॉस सहित अन्य संबंधित संस्थाओं को जोड़ने की बात भी उन्होने कही। श्री मिश्रा ने कहा कि आनंद विभाग की गतिविधियों का बेहतर क्रियान्वयन जिले में किया जाये। अगले सप्ताह पृथक से बैठक आयोजित कर नेकी की दीवार की तैयारियों पर पावर पॉइन्ट प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत करने के निर्देश भी निगमायुक्त को कलेक्टर ने दिये। जल जीवन मिशन की समीक्षा भी टाईम लिमिट की बैठक में कलेक्टर ने की। उन्होने महिला बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन के तहत उनके विभागीय कार्यालयों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। श्री मिश्रा ने कहा कि संबंधित विभागों के कार्यालय प्रमुख भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय कर ग्रामीण क्षेत्रों में मिशन के तहत अपने समस्त कार्यालयों में नल कनेक्शन करायें। कोविड वेक्सीनेशन का रिव्यू भी टीएल मीटिंग में कलेक्टर ने किया। उन्होने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी वेक्सीनेशन कार्य को प्राथमिकता पर लें। जिला अधिकारियों को जोनल अधिकारियों के रुप में जिम्मेदारी सौंपी जायें। कोविड वैक्सीनेशन का कार्य प्राथमिकता पर किया जाये। ब्लॉक लेवल क्राईसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप और ग्राम स्तरीय संकट प्रबंधन समूह सक्रियता से कार्य करें। जिले में जिन्हें भी फर्स्ट डोज नहीं लगा है, उनके वैक्सीनेशन के लिये माईक्रो प्लानिंग करके वैक्सीनेशन कराया जाये। वहीं जिनका सेकेण्ड डोज ड्यू है, उनके लिये ग्राम पंचायतों में संधारित वैक्सीनेशन रजिस्टर एवं ड्यू लिस्ट के माध्यम से उनके सेकेण्ड डोज के वैक्सीनेशन की कार्यवाही की जाये।

जांच में पाया, पात्रों को किया अपात्र

उपसरपंच की शिकायतों को जांच दल ने सही पाया, दोषियों पर कार्यवाही की अनुसंशा

रीठी। रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलहरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपात्र एवं पात्र हितग्राहियों के संबंध में ग्राम पंचायत बिल्हरी के उपसरपंच विनोद शंकर शर्मा द्वारा शिकायत की गई थी। जिसमें अपात्र हितग्राहियों को पात्र कर दिया गया था एवं पात्र हितग्राहियों को अपात्र कर दिया गया था। जिस के संबंध में जनपद पंचायत रीठी से विगत 1 जून 2021 को जांच दल द्वारा ग्राम पंचायत बिलहरी में समस्त हितग्राहियों के घर-घर जाकर जांच की गई। जांच दल द्वारा जांच में पाया गया कि विनोद शंकर शर्मा की जो भी शिकायत थी, वह पूर्ण रुप से सत्य पाई गई। इस हेतु जांच दल ने संबंधित ग्राम पंचायत बिलहरी के सचिव और रोजगार सहायक को एसीईओ रीठी को कार्यवाही हेतु प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में तत्काल प्रभाव से बिलहरी पंचायत से हटाने सहित नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने जांच प्रतिवेदन दिया है। इस विषय पर जानकारी लेने पर नवागत सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। प्रतिवेदन के आधार पर जो तथ्य आये हैं, उस आधार पर कार्यवाही की जा रही है। जांच में जो हितग्राही पात्र थे, उन्हें अपात्र किया गया था, इसमे कमला सोनकर/कढ़ोरीलाल, मुलकी बाई/रघु चौधरी, सखी बाई/अमृत चौधरी, राजेश/प्रेमलाल, अशोक/फूला चौधरी, राजू/बैहा चौधरी, शिवकुमार/रामप्रसाद यादव, भागवती/पूरनलाल चौधरी, नरेश/बैहा चौधरी, संजय/श्यामलाल चौधरी, चंद्रिका/पुसौवा चौधरी, कमलेश/भंडारी चौधरी, सुभाष/प्रेमलाल चौधरी, राजेन्द्र/गनपत, संतराम/भल्लू चौधरी, परमलाल/कल्लू चौधरी, मुराली/रज्जू बर्मन सहित कई अन्य हितग्राही शामिल है।

ग्राम पंचायत बिलहरी का कारनामा, पीएम आवास योजना

OFFICE OF THE DIVISIONAL PROJECT ENGINEER
PUBLIC WORKS DEPARTMENT ,PIU
CIVIL LINE GANESH CHOWK KATNI, DIST. KATNI 483501

PHONE No. 07622-401753 E-mail:-dpepiukatni@gmail.com

NIT No.-21/2021/CENTRALISED TENDERING/G/APE/ KATNI DATE 31-08-2021

Online bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :

S. No.	Tender Portal No.	Name of work	District	Probable Amount Contract (Rs. in lakh)	Eranest Money Deposit (EMD) (in Rs.)	Cost of Bid Document (in Rs.)	Category of Contractor	Period of completion (in months i/c Rainy Season)	Name of office to which EMD and Technical bid submission to be sent online
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2021_PWPIU_155913_1	ZONAL CONTRACT OF BUILDING CIVIL AND ELECTRICAL WORK UNDER PWD PIU KATNI, DISTRICT KATNI (M.P.)	KATNI	146.06	146000.00	12500.00	REGISTERED IN MPPWD BHOPAL	12 Months Including Rainy Season	ADDITIONAL PROJECT DIRECTOR SOUTH CIVIL LINE PWD PIU JABALPUR

1. All details relating to the Bid Document (s) can be viewed and downloaded free of cost from the website. https://mptenders.gov.in/nicgep/app

2. Bid Document (s) can be purchased after making online payment of portal fees through Credit/Debit/Cash Card/internet Banking.

3. The Bid Document (s) can be purchased only online from 02-09-2021 (time) 09:00 AM to 18-09-2021 (date) 06:00 PM (time). Other key dates may be seen in Bid Data Sheet.

4.(EMD and Technical Bid) shall be received online till Date 18-09-2021 up to 18:00 PM

5. Amendment (s) to NIT, if any, shall be published on website only, and not in newspaper.

DIVISIONAL PROJECT ENGINEER
PWD PIU KATNI (MP)

G-16469/21

नुक्कड नाटक एवं प्रभात फेरी से स्वच्छता का संदेश

कटनी। स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियों से नागरिकों को अवगत कराया जाकर नगर की सफाई व्यवस्था में सकारात्मक सहयोग एवं घरों से निकलनें वाले कचरे की मात्रा को कम करनें, नगर के पर्यावरण संरक्षण में सहयोग प्रदान हेतु रोजाना नुक्कड नाटक एवं प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त एजेंसी के माध्यम से विगत दिवस सुभाष चौक की विभिन्न गलियों में पहुंचकर रैली एवं प्रभात फेरी के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक से होनें वाले दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान करते हुए पॉलिथीन की जगह कपडे के थैले को उपयोग करनें, गीला एवं सूखा कचरा को अलग अलग डस्टबिन में रखनें, होम कंपोस्टिंग के माध्यम से घर पर ही जैविक खाद तैयार कर खाद का उपयोग गमलों एवं बगिया में करनें की सलाह दी गई।

सायना में मनाया गया राधा कृष्णन का जन्मदिन

छात्र-छात्राओं ने किया गुरु पूजन

कटनी। सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में पूर्व राष्ट्रपति स्व. राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा मैनेजमेंट रिप्रजेंटेटिव ऋषि अरोरा, सायना किड्स की प्रभारी श्रीमती भारती शर्मा, समन्वयक डॉ लोकेश दुबे एवं श्रीमती रीत मोंगा द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धासुमन अर्पितकर किया गया। तदोउपरांत कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में गीत, नृत्य एवं नाटकों के साथ कुछ रोचक खेल भी भी प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने आशीर्वाद वचन स्वरूप कहा कि श्री राधाकृष्णन एक शिक्षक होते हुए देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए और अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की जो परंपरा प्रारंभ की वह आज शिक्षक के सम्मान के लिए मील का पत्थर साबित हुई।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुजल सहाय आर्ची पुरूस्वानी, सार्थक सोनी, प्रियांशी सिंघाई और अंकिता व मिहिका अवल ने किया। टेक्निकल सपोर्ट यश मिश्रा, आर्यन त्रिपाठी एवं आशुतोष अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम का संयोजन हेड बॉय भरत सिंह, हर्षित अग्रवाल, मीनाक्षी सिसोदिया, प्रियांशी सिंघाई ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन हेड गर्ल नव्या तिवारी ने किया।

व्यक्तित्व का निर्माण शिक्षक ही करते- निधि पाठक

इस अवसर पर सायना की चेयर पर्सन श्रीमती निधि पाठक ने शिक्षकों को शुभकामनाएं संदेश देते हुए कहा कि मां बच्चे को जन्म देती है लेकिन उसके व्यक्तित्व का निर्माण शिक्षक ही करते है। वहीं शिक्षक के ऊपर भी देश के भविष्य को संवारने की अहम जिम्मेदारी है और मेरा मानना है कि एक आदर्श शिक्षक ही एक सुदृढ़ देश का निर्माण कर सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर सायना के छात्रावास बच्चों का स्वागत परीक्षण शहर के ख्यातिलब्ध शिशुचिकित्सक डा. राजीव बजाज, ने करते हुए सभी को नियमिति व्यायाम करने कोविड गाइडलान का पालन करने और स्वच्छता से रहने की हिदायत दी।

यश भारत

सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 07 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

बिजली समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया एसडीएम कार्यालय का घेराव

विरोध प्रदर्शन के बीच पुलिस से झूमाझपटी, ज्ञापन सौंपकर दिया 15 दिन का अल्टीमेटम, विधायक ने कहा-15 दिन में समस्याओं कर निराकरण नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

उमरियापान, यशभारत। ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में महीनों से विद्युत आपूर्ति बदतर और जले हुए ट्रांसफार्मरों को न बदलने पर कांग्रेस और किसानों का गुस्सा प्रशासन के खिलाफ फूट पड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ढीमरखेड़ा पहुंचकर एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। विधायक बसंत सिंह व एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के गेट के अंदर जाने की कोशिश की तो पुलिस के साथ झूमाझपटी हो गई। इस दौरान भीड़ को तितर बितर करने वॉटर केनन का इस्तेमाल किया गया फिर भी कार्यकर्ता डटे रहे। पुलिस ने कुछेक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जिन्हें बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया। प्रभारी तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक ने कहा कि महीनों से जले ट्रांसफार्मरों को बदला जाए। अंधाधुंध विद्युत कटौती बंद की जाए। विद्युत बिल में अनावश्यक बढ़ोत्तरी, आंकलित खपत सुधार हो। किसान, व्यापारी व आम जनता को विद्युत आपूर्ति बेहतर मिले। 15 दिवस के अंदर सभी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कलेक्ट्रेट का घेराव कर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ नेता शिवकुमार चौरसिया, प्रमिला मरावी, सुनील बघेल, अजीत शुक्ला, शैलेंद्र पौराणिक, स्वतंत्र चौरसिया, विराट पांडेय, रवि अवस्थी, ओमकार शर्मा, नीरज राय, विकास निगम, अखिल दुबे, छोटा गुप्ता, रविन्द्र परते, सुरेश सोनी, राधे शर्मा, कमलेश रजक, गुड्डू शुक्ला, रामखिलावन मिश्रा, राकेश मरावी, छत्रपाल सिंह, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी एसडीएम संघमित्रा गौतम, एसडीओपी मोनिका तिवारी, प्रशिक्षु डीएसपी शेखर दुबे, अमन मिश्रा, ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अर्चना सिंह, उमरियापान थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा, बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे, कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह सहित पुलिस बल तैनात रहा।

15 ग्रामों में होगा आजादी का अमृत महोत्सव

विजयराघवगढ़। शासन के निर्देश व नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी सुश्री कीर्तिका कुहर एवं राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ के बलिदानी राजा सरयू प्रसाद सिंह के क्षेत्र में 15 ग्रामों में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत फिट इंडिया फ्रीडम इंडिया का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत कार्यक्रम को मूर्त रूप देने हेतु सर्वप्रथम ग्राम सलैया बड़गैंया से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसे महक बड़गैया के नेतृत्व में कार्यक्रम का प्रारंभ ग्राम पंचायत के पंच संजयधर बड़गैया द्वारा हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर ग्राम के बड़गैंया यूथ क्लब पल्लवी, मानस, खुशी, अनमोल, मयंक, मंदाकिनी, राशिका द्वारा सहयोग कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम के नागरिक, युवाओं, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवियों की उपस्थिति रही।

नेहरू युवा केन्द्र का फिट इंडिया फ्रीडम इंडिया अभियान

शिक्षक का सम्मान समूचे समाज का सम्मान

शासकीय अध्यापक संगठन द्वारा शिक्षक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

कटनी। मप्र शासकीय अध्यापक संगठन द्वारा विगत 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा, शिक्षार्थी, शिक्षालय और शिक्षक के सर्वांगीण विकास पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला पंचायत कटनी की प्रधान श्रीमती ममता रंगलाल पटेल के मुख्यातिथ्य में आयोजित उक्त आयोजन में सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, सुनील उपाध्याय, अतुल तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी पी पी सिंह, डाइट प्राचार्य बी बी दुबे, विभा श्रीवास्तव प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, कटनी विकासखंड शिक्षा अधिकारी आनंद कोरी एवं प्राचार्य अनिल चक्रवर्ती, विकास द्विवेदी, धर्मेंद्र धरण त्रिपाठी जिलाध्यक्ष अधिकारी.कर्मचारी संयुक्त मोर्चा तथा प्रमुख वक्ता के रूप में शिक्षा, शिक्षार्थी, शिक्षालय और शिक्षक का सर्वांगीण विकास के मुख्य सूत्रधार शासकीय अध्यापक संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे उपस्थिति रहे। संगठन द्वारा इस अवसर पर जिले के 15 शिक्षकों को शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

लाइम सिटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि शिक्षक समाज की धुरी है। शिक्षक का सम्मान समूचे समाज का सम्मान है और उनकी समस्याओं के निराकरण में भाजपा संगठन हमेशा शिक्षकों के साथ खड़ा रहेगा। शैलेंद्र खम्परिया के संचालन में आयोजित उक्त आयोजन में देवेंद्र तिवारी, रजनीश तिवारी, मनीष सिंह गौतम, जगत पटेल, बिजेंद्र तिवारी, अरुण सिंह परिहार, हरीश दुबे, शालिनी तिवारी, माधुरी तिवारी, अनीता यादव, शहनाज बेगम, स्वाती नायक, बसंती साहू, मनोरमा शेषाद्रि, संदीप मिश्रा, सूर्यकांत त्रिपाठी, आशीष चौरसिया, अरुण दुबे, गणेश दत्त शर्मा, चंद्रशेखर जायसवाल, संतबख्स तिवारी, रमाकांत परौहा, प्रद्युम्न दुबे, गंगाराम पटेल, राजा सोनकर, मनसुख चौधरी, संतोष पाल, नरेश डोंगरे सहित बड़ी तादात में शिक्षक उपस्थित रहे।

युवाओं ने रक्तदान कर निभाया सामाजिक दायित्व

टीम देग तेग फतेह द्वारा गुरूद्वारा में रक्तदान शिविर

कटनी। टीम देग तेग फतेह द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के तहत आज 7 सितंबर मंगलवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा बरही रोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं अन्य लोगों ने पहुंचकर रक्तदान किया। इस दौरान युवाओं ने रक्तदान की आवश्यकता पर अपने विचार भी व्यक्त किए। बताया जाता है कि युवाओं की यह संस्था समाजसेवा में गरीबों की सेवा, शव वाहन सेवा, प्रतिदिन भंडारा सेवा, नाश्ता सेवा, चाय सेवा इत्यादि कार्य कर रही है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सोनू खुराना, दारा सिंह विर्दी, जसप्रीत सिंह लाम्बा, रवि गंगवानी, डॉ अक्षय गुप्ता, विकास नाकारा, सुमित जैन, भीष्म चेलानी, रिंकी खालसा, नीरज दुबे, लकी खालसा, नीटू नारंग, हिनी बाजवा, बाबू टूटेजा, बाबू ग्रोवेर, राजेश रामनानी, मनदीप टुटेजा, डी के हवालदार एवं टीटू ग्रोवर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

सूचना

संस्था के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक साधारण सभा दिनांक 19.09.2021 दिन रविवार को समय सुबह 9 बजे संस्था परिसर में आयोजित की गई है। सूचना की प्रति सदस्यों को व्यक्तिशः प्रदाय की गई है, आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।
(नोटः- कोविड-19 के संबंध में शासन एवं प्रशासन स्तर से जारी किए गए मापदण्डो का पालन करना सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य है)
प्रबंधक- आ.नि.कर्म.स.सा.स.मर्या. कटनी पं.क्र. 1107 (म.प्र.)
अध्यक्ष-आ.नि.कर्म.स.सा.स.मर्या. कटनी पं.क्र. 1107 (म.प्र.)

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

आवश्यकता है
ORICAN FRAGRENT Co.(R.) को अपने BRAND-SHREY MANGLAM (R.) AGARBATTI INDORE के लिए स्टॉकिस्ट, सेल्समेन एवं हेल्पर लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें-
09936415040

टीका लगवाने केन्द्रों में लगी कतार

कलहरा टीकाकरण केन्द्र में 304 लोगों को लगा टीका

विजयराघवगढ़। कोविड-19 के तीसरी लहर की आशंका से प्रशासन के निर्देशन में ग्राम पंचायत कलहरा की प्राथमिक शाला भवन में कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु टीकाकरण केन्द्र में सर्व प्रथम ग्राम के बुजुर्ग श्यामा नन्द द्विवेदी 80 वर्ष को उपसरपंच राजाराम आदिवासी द्वारा माल्यार्पण कर टीकारण का शुभारम्भ किया गया, जिसमें कुल 304 ग्रामीणों को वैक्सीन के टीके लगे। कार्यक्रम में टीकाकरण अधिकारी सरोज सेन, जनपद पंचायत के खण्ड पंचायत अधिकारी राजेन्द्र कुमार तिवारी, ग्राम पंचायत सचिव हरि शंकर अवस्थी, रोजगार सहायक मुकेश कुमार यादव, आर के पटेल, अशोक पांडे, राकेश गर्ग, शिक्षक राधिका त्रिपाठी, नलिनी सोनी, श्रीमती मंजूलता दास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रजनी गर्ग, निर्मला तिवारी, रीना गर्ग, सुधा यादव सहित ग्राम कोटवार शिवराम, सानू, नन्दू की उपस्थिति रही।

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	शैक्षणिक अर्हता
1	बी.एस.सी. (नर्सिंग)	4 वर्ष	12 वीं (बायोलॉजी)
2	जी.एन.एम. (नर्सिंग)	3 वर्ष	12 वीं
3	पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग)	2 वर्ष	GNM उत्तीर्ण

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

जिला प्रशासन की अनदेखी, संक्रमण का मंडरा रहा खतरा

विजयराघवगढ़।

जिला प्रशासन की गाइडलाइन जारी होने के उपरांत स्थानीय प्रशासन द्वारा नगर एवं क्षेत्र भर में संक्रमण रोकने हेतु सार्वजनिक एवं व्यक्ति गत स्थान दुकान एवं चौराहों आदि जहां भीड़ एकत्र होने वाले स्थलों में मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन करने विगत दिनों से लगातार उद्घोषणा की जा रही है किंतु स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से सार्वजनिक स्थल चौराहों, दुकानों के सामने न ही मास्क ओर न ही सोशल डिस्टेंसिंग का किसी तरह पालन हो पा रहा है, जिसके कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी संक्रमण फैलने का खतरा देखा जा रहा है। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि शासन की गाइड लाइन के तहत उसके पालनार्थ टीम गठित कर लोगो को प्रेरणा देकर संक्रमण की रोक हेतु कार्यवाही की जाए।

विजयराघवगढ़ पुलिस ने अपहृत बालिका को किया दस्तयाब

विजयराघवगढ़। विजयराघवगढ़ पुलिस ने क्षेत्र से अपहृत की गई एक बालिका को धार जिले के पीथमपुर से दस्तयाब करने में सफलता अर्जित की है। बताया जाता है कि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत धारा 363 के मामले की जांच की जा रही थी। ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन व विजयराघवगढ़ अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुश्री शिखा सोनी के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना विजयराघवगढ़ पुलिस पीथमपुर जिला धार से अपहृत नाबालिक बालिका को दस्तयाब किया गया है। अपहृत बालिका को दस्तयाब करने में थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, एएसआई शशि भूषण सिंह, आरक्षक अटल कुमार, सायबर शाखा के प्रशांत कुमार, शुभम कुमार एवं सत्येंद्र कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

स्कूलों में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन हो रहा या नहीं

अपर मिशन संचालक ने लिया जायजा, झिंझरी एवं बहोरीबंद में किया निरीक्षण

कटनी। राज्य शिक्षा केन्द्र के अपर मिशन संचालक लोकेश कुमार ने आज कटनी पहुंचकर जिले की सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर विगत 1 सितंबर से माध्यमिक स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। अपर मिशन संचालक ने स्कूलों में पहुंचकर कोरोना संक्रमण से बचाव और स्कूलों के संचालन को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं के साथ ही स्कूलों में कोरोना प्रोटोकॉल का अवलोकन करते हुए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक अपर मिशन संचालक लोकेश कुमार सबसे पहले बहोरीबंद में शासकीय

समीक्षा बैठक में दिए दिशा निर्देश

माध्यमिक शाला राखी पहुंचे। यहां निरीक्षण करते हुए अपर मिशन संचालक ने शिक्षकों से कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर व्यवस्थाओं को लेकर बात की। उन्होंने यह भी देखा कि बच्चे मास्क लगाकर आ रहे हैं या नहीं। स्कूलों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो रहा है या नहीं। स्कूल का निरीक्षण करने के बाद अपर मिशन संचालक बहोरीबंद तहसील के लिए रवाना हो गए। बताया जाता है कि यहां वे समीक्षा बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक में शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केन्द्र के प्रमुख अधिकारियों के साथ बहोरीबंद के बीआरसी, बीईओ, सभी संकुल प्राचार्यों, बीएसी और सीएसी की उपस्थिति रही। बैठक में अपर मिशन संचालक लोकेश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों के संचालन में सावधानी बरतने के निर्देश देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य गतिविधियों का जायजा लिया।

मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवर ले गए चोर

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत नगर सुधार न्यास कालोनी स्थित एक मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश अंदर से नगदी व जेवर लेकर चंपत हो गए। पुलिस के मुताबिक नगर सुधार न्यास कालोनी निवासी ऊषा बड़ेरिया के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश अंदर से 8 हजार रूपए नगद व 5 ग्राम वजनी सोने टॉप लेकर चंपत हो गए। चोरी 25 हजार रूपए की बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश में जुट गई है। इसी तरह स्लीमनाबाद स्थित जबलपुर मार्बल कंपनी में बीतीरात घुसे अज्ञात बदमाश हजारों का माल ले उड़े। पुलिस के मुताबिक देवेंद्र पटेल निवासी बंधी रेलवे स्टेशन ने रिपोर्ट लिखाई की मार्बल कंपनी से चोरों ने एक एंबीआर कंपनी सीपी प्लस, एक 32 इंच सनसुई कंपनी का एलईडी टीवी और नगदी की चोरी की है। पुलिस ने धारा 457, 380 का मामला दर्ज कर संदेहियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

अवैध कालोनी बसाने पर मामला दर्ज

कटनी। कुठला पुलिस ने नगर निगम अधिकारी की शिकायत पर बालगंगाधर तिलक वार्ड की सत्संग नगर की हनुमान मंदिर गली में अवैध कालोनी का निर्माण कराने पर दो लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम उपयंत्री रवि हनोते के द्वारा रामकिशोर त्रिपाठी व पंकज त्रिपाठी के विरूद्ध अवैध कालोनी का निर्माण किए जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत पर दोनों के विरूद्ध नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 292(सी) के तहत कार्रवाई की गई है।

खाने का ज्यादा बिल मांगने पर आरक्षकों ने ढाबे में की मारपीट

ढाबा संचालक, पुत्र व कर्मचारी घायल, पुलिस लाइन के दो आरक्षकों पर मामला दर्ज

कटनी। रीठी थाना अंतर्गत देवरी फाटक में दो पुलिस लाइन के दो आरक्षकों और राय ढाबा के संचालक और कर्मचारियों के बीच जमकर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आरक्षक आशुतोष यादव, आरक्षक सतीश सिंह दोनों पुलिस लाइन में हैं। दोनों रविवार व सोमवार की दरम्यारीरात राय ढाबा में पहुंचे। ढाबा बंद करके स्टॉफ खाना खा रहा था। इस पर आरक्षकों ने कहा कि हमको पहचानते नहीं हो क्या, हमको खाना नहीं खिलाओगे। ढाबा संचालक ने कहा कि साहब ढाबा तो बंद हो गया है, मिस्त्री भी घर चला गया है, अब जो बचा है उसी से काम चलाइये। आरक्षकों ने कहा जो भी रेडी है दो।

आरक्षकों को भी आई चोट

ढाबा संचालक का कहना है कि आरक्षक शराब लेकर पहुंचे थे, दोनों ने पीना शुरू कर दिया। लगभग तीन घंटे तक शराब पीते रहे। सुबह 3 बजे 680 रुपये से अधिक का बिल बनाकर दिया गया तो आरक्षकों ने देने से मना कर दिया और गाली गलौज करते हुए कहा कि पुलिस से बिल लोगे। रुपये मांगने पर मारपीट करने लगे। मारपीट में देवरी फाटक निवासी ढाबा संचालक 47 वर्षीय जितेंद्र राय का हाथ टूट गया है। पुत्र 17 वर्षीय आयुष राय के हाथ में चाकू से हमले के निशान हैं। ढाबा कर्मचारी कैलाश लखेर के साथ में भी मारपीट की गई है। दोनों आरक्षक ढाबा में 12 बजे से लेकर 4 बजे तक उपद्रव करते रहे। ढाबा संचालक ने कहा कि हमें भी बीच बचाव में मारपीट की, जिसमें पुलिस को भी चोट लगी है।

डायल-100 से नहीं मिली मदद सीएम हेल्पलाइन की मदद

ढाबा में आरक्षकों द्वारा की गई मारपीट के बाद ढाबा संचालक ने डायल 100 को फोन किया। जब कोई नहीं पहुंचा तो रात में 4 बजे के बाद सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की है। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। बताया जा रहा कि आरक्षक किरायेदार की बाइक लेकर चले गए थे। तभी ढाबा संचालकों ने देगवांव तक पीछा किया। वहां भी जमकर विवाद हुआ व मारपीट दोनों पक्षों में हुई। जितेंद्र राय का कहना है कि रीठी थाना प्रभारी जांच के लिए पहुंचे थे। मामले को वापस लेने दबाव बना रहे हैं।

दोनों पक्षों पर मामला दर्ज-टीआई

थाना प्रभारी सतीश तिवारी का कहना है कि पुलिस लाइन के दो आरक्षक थे। रात में खाना खाने पहुंचे थे। ढाबा बंद था, खुलवाकर खाना खाया। बिल 680 बनने पर इसका विरोध किया। कम न करने पर आरक्षकों ने गाली-गलौज कर दी, इसी को लेकर विवाद बढ़ गया। इसमें मारपीट दोनों पक्षों से हुई है। पहले ढाबा में विवाद व मारपीट फिर देवगांव में हुई है। लोगों के कथन लिए जा रहे हैं। ढाबा संचालक की शिकायत पर आरक्षकों के खिलाफधारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत तथा आरक्षक आशुतोष यादव की शिकायत पर ढाबा संचालक व अन्य के विरूद्ध धारा 341, 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच अभी जारी है।

इनका कहना है

रीठी थाना प्रभारी से पूरे मामले की रिपोर्ट मंगवाई गई है। साथ ही पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-मनोज केडिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक

वृद्धा व युवती फांसी के फंदे पर झूली

विवाहिता की आग में जलने से मौत

कटनी। कोतवाली, कुठला व स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत घटित अकाल मौत की तीन अलग-अलग घटनाओं में एक 65 वर्षीय वृद्ध महिला व एक 28 वर्षीय युवती के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई जबकि एक अन्य विवाहित युवती की आग में जलने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली के संतनगर दुर्गा मंदिर के समीप निवासी 65 वर्षीय अनीता पति स्वर्गीय रामस्वरूप पांडे के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। बताया जाता है कि अनीता पांडे के पति रामस्वरूप पांडे का 3 वर्ष पूर्व निधन हो गया था। पति की मृत्यु का सदमा महिला को बर्दाश्त नहीं हुआ और उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया। परिजनों ने महिला को डॉक्टर के पास जबलपुर ले गए जहां महिला का उपचार चल रहा था। रविवार की रात वृद्ध महिला हंसी खुसी अपने कमरे में सोने गई थी और सुबह वह मृत अवस्था में फांसी के फंदे पर झूलती मिली। वहीं कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम मुरावल के पुराहार में स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम गुडियापुरा निवासी 28 वर्षीय हारबाई पति कमलेश गौड़ के द्धारा महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। हार बाई का शव महुआ के पेड़ से लटकते देख ग्रामीणों ने इसकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह व बिलहरी पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। चौकी प्रभारी के के पटेल ने बताया कि हार बाई कि मानसिक हालत ठीक नहीं थी। इसी प्रकार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम संसारपुर निवासी वंदना पति सूरज प्रसाद यादव की आग में जलने से मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों की जांच शुरू कर दी है।

खुले मैदान में मिला तेंदुए का शव

मौत के कारणों का खुलासा नहीं

कटनी। सिहोरा व बहोरीबंद के बीच ग्राम कुआं-खड़रा दुर्गा माता के देवालय के पास खुले मैदान में एक तेंदुए की लाश मिली है। तेंदुए की मौत कैसे हुई अभी तक यह खुलासा नहीं हो पाया है। बहोरीबंद वन विभाग के रेंजर रोहित जैन, डिप्टी रेंजर चंद्रशेखर नामदेव, वनरक्षक आकाश जगाते, वनरक्षक सुयोग्य उपाध्याय एवं सिहोरा वन विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की है। तेंदुए की मौत कारणों का पता लगाया जा रहा है।

देवराखुर्द में प्रशासन व पुलिस ने की कार्रवाई

यज्ञशाला के नाम पर शासकीय जमीन पर कब्जा, सरकारी जमीन पर दुकान बनाकर बेचता था कब्जाधारी

कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम देवराखुर्द में एक युवक दबंगई करते हुए सरकारी जमीन पर कब्जा करने का दुस्साहस कर रहा था। जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवराखुर्द में विनोद तिवारी गांव के दो स्थानों पर सरकारी जमीन में कब्जा किए था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर प्रशासन ने जांच कराई। जांच में कब्जा पाया गया, जिसे सोमवार को हटाने की कार्रवाई की गई। सोमवार को नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल, राजस्व निरीक्षण राजेश मिश्रा, 15 से अधिक पटवारी, एनकेजे थाने से पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की गई। तीन लाख रुपये से अधिक कीमती जमीन से कब्जा हटाया गया है। कब्जाधारी विनोद तिवारी 9 आरे में बाउंड्री बनाकर कब्जा में किया था, जिसे तोड़ा गया। नायब तहसीलदार ने बताया कि आरोपी श्मशान घाट के समीप रोड किनारे दुकानें बना रहा था। पूर्व में भी दुकान बनाकर बेच चुका है। यज्ञशाला के नाम पर बड़े रकबा में कब्जा कर लिया था। सूचना मिलने पर जांच कराते हुए कार्रवाई की गई है। नायब तहसीलदार ने कहा कि अभियान चलाकर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सीसीटीवी फुटेज से पकड़ाए मिल से चावल चोरी के आरोपी

चावल सहित आटो जप्त, माधवनगर पुलिस की कार्रवाई

कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत संचालित राइस में मिल में अज्ञात बदमाशों ने चावल की चोरी की थी। मोहनलाल ब्रदर्श दिनेश उर्फ पिट्टू के यहां चोरी की थी। शिकायत पर पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही थी। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त वारदात सप्ताह भर पुरानी है। फरियादी की शिकायत पर जांच शुरू की गई। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमें वारदात करने वाले दिखाई दिए। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की। इसमें अविनाश बजाज, दिनेश कुमार मागवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। ऑटो में चोरी करके चावल ले गए थे। चोरी में प्रयुक्त ऑटो भी जप्त किया गया है। बताया जा रहा है कि 49 कट्टी चावल की चोरी हुई थी। जिसमें रिकवरी कम मात्रा में हुई है।

PRE. REGISTRATION सांईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
एएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
जीएनएम	12वीं पास (किसी भी विषय)	3 वर्ष	17 वर्ष-35 वर्ष
बीएससी (नर्सिंग)	12वीं पास (बायो.)	4 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
पोस्ट बेसिक बीएससी	जीएनएम पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (साइकेट्री)	बीएससी नर्सिंग पास	2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर
एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग)		2 वर्ष	17 वर्ष से ऊपर

नोटः- एसटी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION

सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

पाठयक्रम	योग्यता	कोर्स अवधि	उम्र
डी.एल.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	2 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बी.ए.बी.एड.	12वीं पास (किसी भी विषय)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर
बीएससी बीएड	12वीं पास (विज्ञान/गणित)	4 वर्ष	17 वर्ष से उपर

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एसटी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में

राजनेता जयललिता के जीवन पर आधारित फिल्म

रोजाना 3 शो
ता. 10 से
दोपहर 12.30,3.30
एवं 6.30 बजे से

कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।

थलाइवी

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में



हालीवुड की हॉरर फिल्म

रोजाना 3 शो
ता. 10 से
दोपहर 1,4 एवं
7 बजे से

कलाकार- एनेबल वॉलिस, जेक एबेल, जार्ज यंग, मेडी हसन आदि।

MALIGNANT

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

CITY Mall

EVERYTHING UNDER ONE ROOF

AVAILABLE FACILITIES

SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY

City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

ASSOCIATED WITH

BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | CITY PRIDE Cinema | Food Junction The Food Court | HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant | GRAVITY THE PUB

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)